**खबर संक्षेप**

### पहलगाम आतंकी हमले में शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**मददेड।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम में भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए 27 लोगों को ग्राम मददेड के सभी वर्ग के लोगों द्वारा मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम बाजार चौक के समीप बीच बस्ती के स्थल पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवा वर्ग, व्यापारीगण, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने मौन धारण कर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और मोमबत्तियां जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नवीन कार्यालय का विधायक ने किया उद्घाटन



**दंतेवाड़ा।** भाजपा जिला कोषाध्यक्ष व नगर पालिका उपाध्यक्ष बचेली सतीश प्रेमचंदानी के नवीन कार्यालय का क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने उद्घाटन किया। इस दौरान स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती माहराज की उपस्थिति में स्थानीय पंडितों द्वारा विधि-विधान से नवीन कार्यालय का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामि एवं मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती समेत भाजपा पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों से नगर पालिका उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी शामिल रहे।

### कालीपुर में चला जागरूकता अभियान



**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से नशे के विरुद्ध निर्धारित कार्य योजनानुसार कालीपुर अटल आवास घटपदपुर धरमपुरा में संयुक्त जन जागरूकता अभियान संचालित किया गया। साथ ही कोटपा चालानी कार्यवाही भी की गई। अभियान में महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग के साथ जिला सलाहकार तंबाकू रोग नियंत्रण कार्यक्रम उमेश उपस्थित रहे।

## विवि में हुई ऑनलाइन कार्यशाला


# आईपीआर कानून के दायरे में हो नवाचार: करवंदे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को अर्थशास्त्र अध्ययनशाला द्वारा इंटेलेक्टुअल प्रोपर्टी राइट्स(आईपीआर) एंड आईपी मैनेजमेंट फॉर स्टार्टअप विषय पर ऑनलाइन वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कॉलेज, रायपुर के विधि विभाग में सहायक प्राध्यापक डॉ. भूपेंद्र करवंदे ने स्टार्टअप और इनोवेशन को लेकर आईपीआर, ट्रेडमार्क, पेटेंट, जीआई टैग, डिजाइन एक्ट के विभिन्न पक्षों की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर डॉ. करवंदे ने बताया कि 2016 में जब से भारत सरकार ने रचनात्मक भारत और अभिनव भारत नाम से पहल शुरू की है तब से देश में आईपीआर के प्रति विशेष जागरूकता आई है। डॉ. करवंदे ने कहा कि चल-अचल संपति की तरह बौद्धिक संपत्ति का भी बहुत महत्व होता है। इसका संरक्षण भी जरूरी है। आईपीआर किसी वस्तु, विचार और रचना का श्रेय और लाभ लेने का अधिकार देता है।

डॉ. करवंदे ने बताया कि वैश्विक स्तर कॉपीराईट कानून ब्रिटेन में अठारहवीं शदी के पूर्वाद्ध में ही बन गया था पर स्वतंत्र भारत में 1957 में कॉपीराइट अधिनियम बना। यह कॉपीराईट कानून किसी भी लेखन की संरचना, शैली और उसकी अभिव्यक्ति




को संरक्षित करता है। समाज में ज्ञान का संचार होना ही चाहिए। कॉपीराइट कानून ज्ञान को एक जगह रोकने की बात नहीं करता है। आईआईसी क्वार्टर तीन एवं पीएम उषा मेरू कंपोनेंट गतिविधि के तहत हुए इस ऑनलाइन कार्यशाला में डॉ. तुलिका शर्मा, डॉ. रश्मि देवांगन, पूजा ठाकुर, शेर सिंह घृतलहरे, डॉ नीरज कुमार वर्मा, गौरी देवाँगन, देवेन्द्र कुमार यादव, राहुल सिंह, डॉ. भेनु, सुश्री नीलम एवं छात्र-छात्राएँ शामिल हुए।

### एकेडमिक क्षेत्र में पीएचडी नवाचार को प्रस्तुत करने का तरीका

डॉ. करवंदे ने कहा कि एकेडमिक क्षेत्र में पीएचडी नवाचार को प्रस्तुत करने का ही एक तरीका है। पीएचडी की तरह अन्य नवाचार में कॉपीराईट कानून की अवहेलना नहीं होना चाहिए। नवाचार आईपीआर कानून को दायरे में होना चाहिए। सन् 1970 में आए पेटेंट अधिनियम के बारे में डॉ. करवंदे ने बताया कि आप किसी प्रोडक्ट का 20 वर्षों की निर्धारित सीमा तक पेटेंट करा सकते हैं। पेटेंट ट्रांसफर और सेल भी हो सकता है।

डॉ. करवंदे ने कहा कि ट्रेडमार्क आपके प्रॉडक्ट की न केवल पहचान, उत्पत्ति और ख्याति को व्यक्त करता है बल्कि प्रचार भी करता है। ट्रेडमार्क से प्रोडक्ट के ब्रांड की सूचना मिलती है। उसका स्टैंडर्ड पता चलता है।

### हनुमान मंदिर में हुआ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम



**जगदलपुर।** बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर के निकट बस्तर जिले के सरहदी उड़ीसा प्रान्त के धामनाहांडी ग्राम में हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरे विधिविधान के साथ बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न किया गया।

छत्तीसगढ़ और ओडिशा प्रांत के सीमावर्ती में नवनिर्मित धामनाहांडी हनुमान मंदिर टेंपल कमिटी ने सुकमा जमींदार परिवार से कुमार जयदेव एवं उनके पुत्र विजित देव को नव निर्माण हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर निमंत्रण दिया था। जिसमें सुकमा जमींदार परिवार से कुमार जयदेव एवं उनके पुत्र विजित देव अपने समर्थकों के साथ पहुंचे, उनके साथ बस्तर राजपूत क्षत्रिय धाकड़ समाज के संभागीय अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर, मुकुंद हितेन्द्र,ठाकुर रणधीर . विक्रम, रुद्र,यश, मुरली राठौर सुकमा जिला से कपिल सिंह ठाकुर दंतेवाड़ा से पंडा,मुकुंद एव सहित कई अन्य गणमान्य शामिल थे। बड़ी संख्या में धामनाहांडी ग्राम वासियों ने नाचते झूमते, बाजे गाजे के साथ बड़े धूम धाम से भव्य रूप से उनका स्वागत और सत्कार किया। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# यूपीएससी में चयनित बस्तर की बेटी का हुआ स्वागत



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

बस्तर की बेटी मानसी का यूपीएससी में 444 रेंक प्राप्त कर आईएएस में चयन होने पर समूचे बस्तर में खुशी की लहर दौड़ गई। मानसी शुक्रवार को दिल्ली से जगदलपुर पहुंचने पर माँ दंतेश्वरी एयरपोर्ट में जैन समाज के अध्यक्ष अनूप जैन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पहुंचे पदादिकारी व समाज के लोगो ने आईएएस चयनित मानसी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

जगदलपुर ब्लाक में प्रधानाध्यपक के रूप में कार्यरत मुकेश जैन एवं ग्रहणी क्रांति जैन की होनहार पुत्री मानसी के शहर पहुंचने पर अन्य समाज के प्रतिनिधि भी उनके जैन मंदिर से सटे महारानी स्कूल के सामने स्थित निवास पहुंच बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मानसी एयरपोर्ट से सीधे जैन मंदिर पहुंची जहां जैन मुनियों ससंग का आश्रीवाद लिया। एयरपोर्ट में स्वागत में जैन समाज के अध्यक्ष अनूप जैन समेतअभिषेक जैन, संजय जैन, राजीव जैन, चार्ली चौधरी, विकास,अंतरिक्ष अविनाश जैन, संजय बाहुबली, सुधीर जैन, मंयक जैन, रुपेश जैन, बँटी, शीतल जैन, कमल, निवेश, वैभव अन्य पदधिकारी, महिला मंडल से अध्यक्ष कीर्ती,प्रेरणा एवं अन्य पदाधिकारी, युवा मंडल से समस्त पदाधिकारी सम्मलित थे। बस्तर में दूसरी बार जैन समाज की बेटी का यूपीएससी में चयन हुआ,जो बस्तर के लिए गर्व की बात है। पहले गीदम की नम्रता जैन का आईपीएस और बाद में आईएएस में चयन हुआ। अब जगदलपुर की मानसी जैन का यूपीएससी में चयन हुआ है।

# योग से रजनी का हुआ 3 दिनों में 3.5 किलो वजन कम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

भारतीय सिंधु महासभा व सिंधु पंचायत जगदलपुर के नेतृत्व में संचालित योग शिविर में शिविरार्थियों को सभी प्रकार के लाइफ स्टाइल रोगों बीपी, शुगर, पेट की बीमारी अनिद्रा तनाव जोड़ो के दर्द मोटापा थायरॉइड आदि में मिल रहा है। नियमित योग में सम्मलित लोगो मे इसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

- पतंजलि समिति सभी समाजों में सिंधु समाज की तर्ज पर लगाएगी योग शिविर



मोटापे के लिए योग शिविर में 23 अप्रैल को वजन किया गया। उसके बाद 26 अप्रैल तीसरे दिन आज पुनः कुछ योग साधकों का वजन किया गया। तीन दिन के योग में लोगों को जो लाभ हुआ, वो इस प्रकार है। रजनी दण्डवाणी का वजन 23 अप्रैल को 67 किलो था और 3 दिनों के बाद आज 26 अप्रैल को पुनः वजन 63.55 किलो रहा, 3.450 किलो भार 3 दिनों में कम हुआ। इसी प्रकार सुनील दण्डवाणी का वजन 1.400 किलो कम हुआ। वही सुनीता मैठाणी का 1.350 किलो कम हुआ और संजय कुमार नत्थानी का 450 ग्राम और कैलाश दण्डवाणी का 400 ग्राम कम हुआ।

ज्ञात हो की फिट बस्तर-हिट बस्तर के तहत पतंजलि योग समिति नगर भर में विभिन्न समाजों और संगठनों के लोगों के लिए विशेष इंटीग्रेटेड योग प्रशिक्षण शिविरों का निःशुल्क आयोजन कर रही है। इसके लिए पूज्य सिंधु पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी के नेतृत्व में समाज प्रमुखों से संपर्क कर नगर के प्रत्येक समाज में योग शिविर का आयोजन किया जावेगा। सिंधु भवन में सिंधु समाज के सभी सामाजिक सदस्य बड़ी संख्या में बच्चों सहित भाग ले रहें हैं। पतंजलि योगपीठ के तर्ज पर प्राकृतिक चिकित्सा व पंचकर्म का अभ्यास जिसके अन्तर्गत यौगिक उपचार के साथ-साथ अनेक रोगों का उपचार जल नेती, अक्षिधोवन, कर्णपूरण, नस्य, मिट्टी चिकित्सा मिट्टी पट्टी, रोगानुसार खानपान और प्राकृतिक चिकित्सा के साथ-साथ ऐक्यूप्रेशर चिकित्सा दी जा रही है जिसके अदभुत परिणाम देखने को मिल रहा है,नये लोग प्रतिदिन इस निःशुल्क सेवा का लाभ लेने जुड़ रहें हैं। योग शिविर में योग के साथ साथ बीपी शुगर वजन की जाँच की जाती है और पौष्टिक अंकुरित दिया जाता है। उक्त जानकारी छग पंतजलि योग समिति के प्रांत प्रमुख डॉ. मनोज पाणिग्राही ने दी।

### जिले में 66.48 प्रतिशत लोगों का बना आयुष्मान कार्ड



**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में और गांव गांव में कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत आयुष्मान मित्रों के द्वारा दूरस्थ बसाहटों में जाकर ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। सुकमा जिले के आयुष्मान भारत योजना के जिला नोडल अधिकारी सुश्री मीना ने बताया कि सुकमा जिले के कोंटा, छिंदगढ़ और सुकमा विकासखंडों में कुल 82,324 पंजीकृत राशन कार्ड धारक हैं जिसके अनुसार कुल आयुष्मान कार्ड हितग्राहियों की संख्या 2,59,979 है जिसमें से 1,72,827 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। बच्चे हुए 87,152 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है। अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर बुजुर्ग को हॉस्पिटल में मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। ऐसे बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना योजना का लाभ दिया जाएगा। योजना के तहत सभी मौजूदा बीमारियों का इलाज पहले दिन से कवर किया जाएगा।

# आतंकी हमले के शिकार निर्दोषों को श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

पहल गाँव में हाल ही में हुए भीषण आतंकी हमले में अपने प्राण गंवाने वाले निर्दोष हिन्दुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने और इस नृशंस, अमानवीय कृत्य के प्रति जनाक्रोश व्यक्त करने के उद्देश्य से आज सिरहा सार चौक स्थित शहीद स्मारक पर एक श्रद्धांजलि एवं आक्रोश सभा आयोजित की गई।

इस आयोजन का नेतृत्व सर्व हिंदू समाज,एकल अभियान समिति और एक घंटा राष्ट्र के नाम अभियान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सभा में वक्ताओं ने न केवल

- सर्व हिन्दू समाज के पहल पर श्रद्धांजलि सभा में शहीद स्मारक में पहुंचे लोग

शोक संवेदना प्रकट की, बल्कि तीव्र आक्रोश और चिंता भी व्यक्त की। सर्व हिंदू समाज के अध्यक्ष धर्मचंद्र शर्मा ने इस हमले को बर्बरता की पराकाष्ठा बताया और आतंकवाद के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग की। एकल अभियान के अध्यक्ष कैलाश राठी ने कहा कि हिन्दू सर्वे भवन्तुसुखिन वसुधैव कुटुंबकम् के भाव को लेकर चलता है,लेकिन इसी सदाशयता के कारण आतंकवादी यों से त्रस्त रहता है। सतयुग में हिरण्यकशिपु त्रेतायुग में



रावण, द्वापर युग में काल यवन,जरासंध आदि अनेक राक्षसी प्रवृत्तिया थी पर सबका विनाश कर दिया गया। वर्तमान में इस्लामिक आतंकवाद न केवल हिन्दुस्तान बल्कि विश्व के लिए सबसे बड़ी समस्या है, जिसको अब कुचल दिया जाएगा .पहल गाँव आतंकवाद की पहली घटना नही है पर अंतिम घटना होनी चाहिए।

### निर्दयता और क्रूरता की चरम सीमा

एल ईश्वर राव ने इसे निर्दयता और क्रूरता की चरम सीमाः बताते हुए कहा कि समाज सरकार के साथ खड़ा है और प्रतिशोध की माँग करता है। सभा में एकल अभियान के महेन्द्र कांत संघानी, प्राची गर्ग, नंदा दीदी, बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी, किशोर पारख,अधिवक्ता आनंद मोहन मिश्र,भोजपुरी समाज के कौशिक शुक्ला एवं सर्व ब्राम्हण समाज के सम्भागीय अध्यक्ष संजीव शर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे समेत अनेक सामाजिक व राजनीतिक प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए।अन्य उपस्थित जनों में उत्कल समाज के अध्यक्ष राजेश दास, सिक्ख समाज के सदस्य, मातृ शक्ति, सुभाष राय, निर्मल देवांगन, लोकेश देवांगन,डी के पाराशर, अजय पाल, हेमंत साहू, बंशी लाल साहू, प्रकाश साखला, नीरज जैन, मनीष मूलचंदानी, सुनील दंडपाणि, चेतन हेमानी, यादव, ताजी राम यादव, नवरतन जलोटा आदि सहित बड़ी संख्या में देश भक्त उपस्थित थे।सभा का समापन मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया।

# पेंशनर्स महासंघ ने की आतंकी हमले की निंदा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष और निहत्थे पर्यटकों पर गोली बरसाकर मारना निःसंदेह आतंकियों का कायराना हरकत है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। पहलगाम की घटना ने देश वासियों को झकझोर दिया है, हम सभी व्यथित हैं। आतंकियों को कड़ा दंड देना ही दिवंगत आत्माओं के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उक्त बातें भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के संभागीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री राम नारायण ताटी ने मीडिया को जारी बयान में कही। ताटी ने कहा कि निःसंदेह यह



हमारे देश की एकता और अखंडता पर हमला है,जिसका हमे करारा जवाब देना होगा। बीते मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में देश के विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में गए पर्यटकों पर आतंकियों ने अचानक हमला बोला और 26 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया। इस घटना में कई गंभीर रूप से घायल भी हो गए। पेंशनर्स महासंघ की बैठक में दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना ईश्वर से की गई। बैठक में उपस्थित सभी पेंशनर साथियों ने आतंकियों के द्वारा किए गए कायराना हमले की निदा करते हुए केंद्र सरकार से आतंकियों के विरुद्ध शीघ्र कठोर कार्यवाही करने की मांग की। दिवंगत पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में आर एन ताटी,किशोर कुमार जाधव, शिव कुमार मिश्रा, अब्दुल सत्तार खान शामिल रहे।

# आतंकी हमले में मृत 26 पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि

**गीदम।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले का शिकार हुए पीड़ितों को दंतेवाड़ा जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम के आशुतोष शिव मंदिर परिसर के सामने शुक्रवार शाम एकल अंचल अभियान दंतेवाडा के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए सभी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दीप प्रज्वलित कर नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए सभी आतंकी को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग भी की गई। इस मौके पर दन्तेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, बीजेपी जिलाध्यक्ष सन्तोष गुप्ता, एकल अभियान अंचल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, वैभव गुप्ता अंचल सचिव, अंकित गुप्ता एकल प्राथमिक शिक्षा



प्रभारी, नपं अध्यक्ष रजनीश सुराणा, नपं उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता, विनीता देशमुख, पार्वती परिहार, बलवंत कौर, राजेश्वरी, ममता गुप्ता, ललित दानी, हरि गुड्डु निषाद, लोकनाथ चंद्राकर, राजाराम वट्टी विश्व हिंदू परिषद, ओम सोनी, अवधेश गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।







# उपचार के बाद भैरापन के 50 से अधिक मरीजों ने सुनने की क्षमता में देखा सुधार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

जूनियर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित मेडिकल कैंप में मरीजों का उपचार हुआ। जूनियर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा चेम्बर भवन में आयोजित मेडिकल कैंप में शिरडी से पहुंचे डॉ नाना साहेब होन (गोल्ड मेडलिस्ट एवं पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल द्वारा सम्मानित) ने अपनी विशेषज्ञता और अनुभव के आधार पर 60 से अधिक मरीजों का परामर्श किया। इस कैंप में अधिकांश मरीजों ने अपनी सुनने की समस्या के लिए उपचार प्राप्त किया। इस कैंप में सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि 50 से अधिक मरीजों ने अपनी सुनने की क्षमता में महत्वपूर्ण सुधार देखा। डॉ. नाना साहेब होन की प्रेशर थेरेपी



और होम्योपैथिक उपचार ने मरीजों को नई आशा और राहत प्रदान की है। जूनियर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की यह पहल समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को दर्शाती है। हमें गर्व है कि हमने इस कैंप के माध्यम से लोगों में सुनने में सुधार लाने में प्रथम प्रयास किया है। बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल बोथरा ने सयुंक्त रूप से कहा कि हम डॉ. नाना साहेब होन का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने अपनी विशेषज्ञता और समय दिया और इस कैंप को सफल बनाया। साथ ही हम बस्तर चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज़ व जूनियर चेम्बर के सभी सदस्यों और सहयोगियों का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इस आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### छूटे बच्चों की शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस द्वारा शनिवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आकांक्षी जिला बस्तर और आकांक्षी विकासखंड तोकापाल कार्यक्रम की समीक्षा बैठक लिया। उन्होंने आकांक्षी क्षेत्र में चिन्हांकित योजनाओं की समीक्षा करने के दौरान स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं में एडीपी रिपोर्ट में एएनसी हेतु पंजीयन, गंभीर एनीमिया वाले गर्भवती महिलाओं का परीक्षण व उपचार की गतिविधि, गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट, लिंगानुपात की स्थिति, टीकाकरण, टीबी का टेस्टिंग और उपचार, संस्थागत प्रसव,जन्म से कमजोर बच्चों के बेहतरी करने पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि टीकाकरण के लिए छूटे हुए बच्चों को लक्षित कर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए।

